A REPORT ON CELEBRATION OF 26TH FOUNDATION DAY HELD ON 19.08.2025

दिनांक 19 अगस्त 2025 को इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स के प्रेक्षागृह में आयोजित भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) के 26वें स्थापना दिवस समारोह का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 19 अगस्त 2025को भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति भावना का 26वां स्थापना दिवस समारोह इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स के सभागार में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया।समारोह में भावना के संरक्षक माननीय न्याय मूर्ति कमलेश्वर नाथ जी, माननीय न्यायमूर्ति करन लाल शर्मा जी, संरक्षक व संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ला जी, संरक्षक व संस्थापक सदस्य

श्री सुशील शंकर सक्सेना जी, पूर्व अध्यक्ष श्री जगमोहन लाल वैश्य जी , विशिष्ट अतिथि , स्टेट हेड हेल्पेज इण्डिया श्री अनूप पंत जी ,उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला जी व प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा जी,पदाधिकारीगण, सदस्यगण , स्कूलों के आचार्यगण, बच्चों के अभिभावक गण,व विभिन्न स्कूलों के शिक्षा सहायता प्राप्त करने वाले छात्र व छात्रायें,मीडिया के लोगों के साथ अन्यलोग उपस्थित थे,सभागार खचाखच भरा हुआ था,यहां तक कि सभागार की बालकनी में भी लगभग 40 छात्र व छात्रायें बैठी थी,खास बात यह रही कि कार्यक्रम मे शिक्षा सहायता प्राप्त करने के लिए नेशनल ब्लाइंड एशोसियेशन के दृष्टिहीन छात्र भी उपस्थित हुए।मंच का संचालन श्री जगमोहन लाल जायसवाल, महासचिव प्रशासन ने किया । कार्यक्रम के सफल आयोजन मे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के कुशल निर्देशन व सहयोग के साथ साथ माननीय प्रमुख महासचिव का निर्देशन व सहयोग समय-समय पर प्राप्त होता रहा। कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से चलाने मे श्री प्रभात किरन चौरसिया महासचिव कार्यान्वयन, श्री सतपाल सिंह महासचिव एडवोकेसी,श्री राजदेव स्वर्णकार उप- महासचिव,श्री राम मूर्ति सिंह उप महासचिव,श्री धनंजय द्विवेदी उप महासचिव,,श्री आदित्य प्रकाश सिंह सह-कोषाध्यक्ष तथा इंस्टीट्यूट के कर्मचारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के बाद सभी के लिए लंच व प्यारे छात्र व छात्राओं के लिए स्वादिष्ट लंच पैकेट की सुचारुरूप से व्यवस्था की गई थी । सभी के सहयोग विशेष रूप से सभी दानदाताओं के सहयोग,जिनके कारण कार्यक्रम सुचारुरूप से सफलता पूर्वक आयोजित हुआ, का भावना परिवार आभारी है और सभी को धन्यवाद देता है।

उपरोक्त कार्यक्रम के कुछ फोटो वेबसाइट के फोटो एल्बम सेक्शन में देखे जा सकते हैं.

राम लाल गुप्ता ---राष्ट्रीय अध्यक्ष

जगमोहन लाल जायसवाल---महासचिव प्रशासन